मिसल नं. ....

दिनांक ....

फर्द अहकाम

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुये
30-3-22	आज यह पत्रावली निगरानीकर्ता संख्या 1 विनोद कुमार व निगरानीकर्ता संख्या 3 गीता देवी द्वारा स्वयं उपस्थित होकर शीघ्र सुनवाई का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया । निगरानीर्ता संख्या 1 व 3 का पहचान अधिवक्ता श्री शिशपाल शर्मा द्वार की गई। निगरानीकर्ता संख्या 1 व 3 ने जरिये प्रार्थना पत्र निवेदन किया कि निगरानीकर्ता व गैरनिगरानीकर्ता का आपसी मौखिक राजीनामा हो गया है। इसलिए निगरानीकर्ता उक्त निगरानी में कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। अतः प्रकरण आज पेशी में लेकर खारिज किया जावे। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल मिसल किया गया। प्रकरण मे गैरनिगरानीकर्ता संख्या 01 ने उपस्थित होकर नो ऑब्जेक्शन अंकित किया है। प्रकरण का अवलोकन किया। निगरानीकर्ता द्वारा यह निगरानी ग्राम पंचायत गोपालसर के संकल्प संख्या 4 दिनांक 27.5.1999 के अनुसरण मे दिनांक 01.12.99 को गैरनिगरानीकर्ता संख्या 1 के नाम जारी पट्टा संख्या 25/65 दिनांक 01.12.1999 को निरस्त करवाने हेतु दिनांक 31.8.2021 को इस न्यायालय में प्रस्तुत की है। निगरानीकर्ता द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि निगरानीकर्ता व गैरनिगरानीकर्ता का आपसी मौखिक राजीनामा हो गया है। इसलिए निगरानीकर्ता उक्त निगरानी में कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। निगरानीकर्ता अपनी निगरानी खारिज करवाने हेतु स्वतंत्र है। अतः निगरानीकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा निगरानीकर्ता की निगरानी इसी स्तर पर खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। (कमला अलारिया) अतिरिक्त जिला कलक्टर सूरतगढ़	विनोद कुमार 8894770 75880 अ.नि.गीता देवी 8228 4720 912 No objection रामलाल